हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 11 मई 2026

तापमान
अधिकतम 45 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .6 डिग्री

8 बायो गैस प्लांट के विरोध का मामला संसद व प्रदेश की विधानसभा में गूंजेगा



10 व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स के पांचवें बैच को मिला प्रमाण प्रत्र



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, राहगीर की मौत

**जींद।** रेलवे रोड वाटर पंप के निकट तेजरफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामबीर कालोनी निवासी रामधारी तथा उसकी पत्नी इमरती देवी शाम को रेलवे जंक्शन ग्राउंड में घूमने गए थे। जब वे घुम कर वापस घर लौट रहे थे तो रेलवे रोड वाटर पंप के निकट तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से रामधारी को टक्कर मार दी। जिसमें रामधारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई। घटना को अंजाम देकर बाइक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने रामधारी को नागरिक अस्पातल पहुंचाया।

### सफाई कर्मियों के बीच पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** नगर पालिका कार्यालय उचाना परिसर में धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों के बीच विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां कर्मचारियों के बीच बैठकर उनकी मांगों को सुना। विधायक को मांग पत्र कर्मचारियों द्वारा सौंपा गया। शमशेर उर्फ काला वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारी काफी दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे है। इन मांगों की पुरजोर पैरवी सीएम के समक्ष कर मांगों को पूरा करवाने का काम करें। विधायक ने कहा कि निरंतर सफाई कर्मचारियों के हित में हमारी सरकार कार्य कर रही है।

### बुजुर्ग महिला को बातों में उलझा, ले उड़ी टोपस

**जींद।** बाजार से घूमने के लिए निकली बुजुर्ग महिला को एक महिला ने बातों में उलझा नशीला पदार्थ सुंघा कर कानों के टोपस तथा कनौती को निकाल लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित महिला फरार हो गई। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता के बेटे की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शीतलपुरी गली हनुमान नगर निवासी तरसेम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुजुर्ग मां लीलावती घर से घूमने के लिए निकली थी। जब वह रानी तालाब पर पहुंची तो उसे गोद में बच्चा लिए एक महिला मिली।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक 18 को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में 18 मई को आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष योग राज करेंगे। इस बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### नाली के पानी की निकासी को लेकर चली लाठी व गंडासी

**कैथल।** गांव ट्योंठा में गली में नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के 5 दिन बाद पूंडरी थाना पुलिस ने पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 6 महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस केस दर्ज किया है। एक पक्ष की ओर से पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा देवी ने बताया कि वह घर का फर्श धो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रदीप, कृष्ण, सुमन, सीमा, शिवांशु, मयंक और संतोष मौके पर पहुंचे और गंदा पानी उनकी ओर आने की बात कहकर विवाद करने लगे। आरोप है कि कुछ ही देर बाद वे गंडासी और लाठियां लेकर आए और उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया, जिससे कई सदस्य घायल हो गए।

## लोगों ने जोश और उत्साह के साथ किया मतदान

# चुण लिया आपणा सरपंच

जींद और कैथल जिले में कई गांव में रविवार को सरपंच उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। लोगों ने बढ़ चढ़कर मतदान किया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लिया। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा भी चाक चौबंद रखी गई थी। पुलिस ने गांव में फ्लैग मार्च भी निकाला, ताकि लोग शांति पूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान कर सके। चुनाव के बाद शाम को नतीजे भी घोषित हो गए। किसी को हार मिली तो कोई की किस्तम जीत के साथ खुली।

## गांव ढांड में जसवीर सिंह के सिर सजा सरपंची का ताज



- महेंद्र सिंह को 600 मतों से हराया
- गुलाल उड़ाकर जताई खुशी
- दिव्यांगों व बीमारों के लिए नहीं था व्हील चेयर का प्रबंध

नरेश ढांडा ▶▶| ढांड

कस्बा ढांड में रविवार को सरपंच पद का उप चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव में जसवीर सिंह ने महेंद्र सिंह को 600 वोटो से हराकर जीत हासिल की। जैसे ही सरपंच पद का परिणाम घोषित हुआ तो उसके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ग्रामीणों ने सरपंच चुने जाने पर उसे बधाई दी। सहायक चुनाव अधिकारी बीडीपीओ ढांड राज सिंह ने बताया कि कल 5718 वोट पोल हुए। 3146 वोट जसवीर सिंह को तथा 2546 वोट महेंद्र सिंह महेंद्र सिंह उर्फ बाली को मिले। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा था। पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाती हुई सड़कों पर घूम रही थी ताकि लोगों निडर होकर मतदान कर सके।

### विकलांगों और बीमार लाचार के लिए नहीं थे उचित प्रबंध

जिला प्रशासन द्वारा बीमार, लाचार एवं विकलांगों के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए थे। बीमार एवं लाचार मतदाताओं को उनके परिजन कुर्सी पर बैठा कर दोनों तरफ से हाथों में उठाकर मतदान केंद्र तक लेकर जाते हुए नजर आए। जिससे प्रशासन द्वारा चुनाव के पुख्ता प्रबंधों की पोल खुलती नजर आई।

### सब के साथ होगा विकास

नवनिर्वाचित सरपंच ने जसबीर सिंह ने कहा कि यह पूरे गांव की जीत है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर का व ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे सभी ग्रामीणों को साथ लेकर गांव का विकास करवाएंगे। उन्होंने चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करवाने के लिए सभी ग्रामीणों व जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया।

## पोलड़ से अंजली बनीं सरपंच मतदान के लिए लगी कतारें




- सिमरन को 191 वोटों से हराया

**सीवन।** गांव पोलड़ में सरपंच पद का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गांव की सरपंच सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होने के कारण इस बार सरपंच पद के लिए पांच महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरी थीं। इनमें मंजु रानी, सिमरन, राजबाला, अंजलि रानी तथा राजविंदर कौर शामिल थीं। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों से समर्थन मांगा था, जिसके चलते गांव में चुनाव को लेकर खासा उत्साह बना रहा। गांव में कुल 2567 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 1300 पुरुष तथा 1267 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए प्रशासन की ओर से तीन बूथ बनाए गए थे। दिनभर चले मतदान के दौरान कुल 2009 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### चुनाव चिन्ह बदले जाने से एक घंटा रुका रहा मतदान

चुनाव प्रक्रिया के दौरान वार्ड नंबर 7 में पंच पद के चुनाव के समय तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। यहां हरजिंदर कौर और हरदीप कौर चुनाव मैदान में थीं। चुनाव चिन्ह आवंटन के दौरान हरजिंदर कौर को सीढ़ी तथा हरदीप कौर को फावड़ा चुनाव चिन्ह दिया गया था। दोनों प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान में भी इन्हीं चुनाव चिन्हों का इस्तेमाल किया था, लेकिन मतदान शुरू होने से पहले ईवीएम मशीन में दोनों के चुनाव चिन्ह आपस में बदले हुए दिखाई दिए। प्रत्याशियों और समर्थकों ने इस पर आपत्ति जताई, जिसके बाद अधिकारियों ने मशीन को दुरुस्त कराया। इस तकनीकी खामी के कारण वार्ड नंबर 7 में मतदान करीब एक घंटे देरी से शुरू हो सका। इसके बावजूद ग्रामीणों ने धैर्य बनाए रखा और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने समय रहते समस्या का समाधान कर चुनाव को सुचारु रूप से आगे बढ़ाया। देर शाम मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए। सरपंच पद के चुनाव में अंजलि रानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सिमरन को 191 मतों से हराकर शानदार जीत दर्ज की और गांव पोलड़ की नई सरपंच निर्वाचित हुईं।

## गांव चाबरी में 528 वोटों के साथ राकेश बने सरपंच



- राकेश को 528, बिजेंद्र को 485 तो विनोद को मिले दो मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव चाबरी में रविवार को सरपंच पद को लेकर उपचुनाव करवाया गया। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव करवाने को लेकर प्रशासन तथा पुलिस द्वारा को लेकर बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। गांव में मतदाताओं की संख्या 1224 है। जिसमें 639 पुरूष तथा 525 महिला मतदाता हैं। रविवार को तय समयानुसार सुबह आठ बजे चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। मतदाता भी अपना सरपंच चुनने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे। महिलाओं ने घूंघट की ओट में अपने मत का प्रयोग किया। सरपंच चुनाव को लेकर पूरा दिन ग्रामीणों में चर्चा रही। ठीक छह बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त हुई। जिसके बाद रिजल्ट घोषित किया गया। कुल 1224 में से 1015 मत का प्रयोग किया गया। इसमें राकेश को 528, बिजेंद्र को

### सरपंच की हो गई थी मौत तीन प्रत्याशी थे मैदान में

गांव चाबरी के सरंपच रोहताश की मौत के बाद से संरपंच पद खाली हुआ था। जिसके उपचुनाव की घोषणा के साथ बिजेंद्र, राकेश तथा विनोद ने आवेदन किया था। रविवार सुबह मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। महिलाओं ने घूंघट की ओट में मतदान किया। वहीं पुरूषों ने भी लाइनों में लग कर मतदान किया। मतदान प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चली। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्र पर ही मतगणना की गई और परिणाम घोषित किया गया।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध

सरपंच उपचुनाव को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से चार नाके लगाए गए थे। चुनाव से पूर्व शनिवार को डीएसपी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गांव में फ्लैग मार्च निकाला था ताकि लोग शांति पूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान कर सके। वहीं उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए थे। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध था।

## चीका में फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से 14.70 लाख की ठगी, दंपति समेत 5 पर केस

- सुरेंद्र पाल ने अपनी पत्नी के नाम जय ज्योति राइस कॉलोनी में 6 मरले 6 सरसई का प्लॉट खरीदा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चीका में फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से प्लॉट बेचने के नाम पर 14.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। खरीदार की शिकायत के आधार पर चीका थाना पुलिस ने दंपती सहित 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में वार्ड नंबर 7 हुडा आर-वन निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी के नाम जय ज्योति राइस कॉलोनी में 6 मरले 6 सरसई का प्लॉट खरीदा था। खरीद के समय उन्हें एक जगह दिखाई गई, लेकिन बाद में रजिस्ट्री दूसरी जमीन की करवा दी। जब वे प्लॉट पर निर्माण कराने पहुंचे तो वहां तरसेम ने जमीन पर अपना दावा कर दिया। जांच में सामने आया कि जिस प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर प्लॉट दिखाया गया था, उसका खसरा नंबर अलग था। जबकि रजिस्ट्री किसी दूसरे खसरे की करवाई गई। इस पूरे मामले में दिलबाग सिंह, कृष्ण, रानी देवी, सतपाल सहित अन्य लोगों की मिलीभगत है। सुरेंद्र पाल ने बताया कि उन्होंने पुलिस, प्रशासन और सीएम विंडो तक कई बार शिकायत दी। इसके बाद एसडीम कार्यालय गुहला की जांच में पता चला कि प्रॉपर्टी आईडी फर्जी तरीके से बनाई गई थी। जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि जिस जमीन की लोकेशन दिखाकर प्लॉट बेचा गया, उसकी रजिस्ट्री दूसरी जमीन की करवाई गई। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि चीका थाना पुलिस ने एसडीएम गुहला की जांच रिपोर्ट के आधार पर धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में दपंती सहित पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## काली वरना गाड़ी में अफीम तस्करी कर रहे 4 आरोपी काबू



- 250 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा एक वरना गाड़ी में नशा तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को 250 ग्राम अफीम सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान की टीम को गश्त दौरान गांव टीक के पास टी प्वाइंट बरोट-बंदराना रोड के पास एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की ढांड पंचमुखी चौक के पास एक काली रंग की वरना कार में चार व्यक्ति बैठे हुए हैं, जो नशीला पदार्थ लेकर कैथल की तरफ आने वाले हैं। जिन्हे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तुरंत ढांड कैथल रोड टीक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। कुछ देर बाद बाद सूचना अनुसार नंबर की काली वरना गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसे पुलिस टीम ने रुकवा लिया। कार में सवार व्यक्तियों की पहचान गांव कैलरम निवासी मन्दीप व जसविंद्र सिंह, चंदाना निवासी आनंद तथा गांव खनोदा निवासी रिशी के रूप में हुई।

## सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर युवक से 5 लाख ठगे

- आरोप है कि फर्जी पत्र ठगी के उद्देश्य से तैयार किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजस्थान सरकार में पहुंच होने का दावा कर सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर कैथल के एक युवक से 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने युवक को उसके नाम टेंडर मंजूर होने का एक झूठा पत्र भी दिखाया, लेकिन बाद में जांच में वह फर्जी निकला। शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर की सरगोधा कॉलोनी निवासी पारस मित्तल ने बताया कि वह जमीन के काम के सिलसिले में अक्सर बीकानेर जाता रहता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात वैदिक खान उर्फ वैदिक मालिया नाम के व्यक्ति से हुई। आरोपी ने खुद को राजस्थान सरकार में अच्छी पकड़ वाला बताते हुए कहा कि वह उसे कई सरकारी टेंडर दिलवा सकता है। इसके बदले उसने 10 लाख रुपए मांगे। वह शुरू में उसकी बातों में नहीं आया और कैथल लौट आया। इसके बाद आरोपी लगातार फोन कर टेंडर दिलाने का लालच देता रहा। कुछ दिन बाद आरोपी ने उसे चंदाना गेट पर बुलाया। वहां सफेद स्कॉर्पियो में बैठकर आरोपी ने राजस्थान में सड़क निर्माण का बड़ा टेंडर दिलाने की बात कही और 10 लाख रुपए नकद मांगे। जब नकद देने से मना किया तो आरोपी ने उससे चेक ले लिया। आरोपी ने उसके खाते से 5 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। कुछ दिन बाद आरोपी फिर कैथल आया और बाकी 5 लाख रुपए की मांग करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने राजस्थान सरकार का एक पत्र दिखाया और कहा कि उसके नाम टेंडर मंजूर हो चुका है। जब इस पत्र की जानकारी राजस्थान सरकार से ली तो वह फर्जी निकला। आरोप है कि यह पत्र उसे ठगने की नीयत से तैयार किया गया था। सिटी थाना एसएचओ गीता रानी ने बताया कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सफाई व्यवस्था चरमराई** | बीमारियां फैलने का बढ़ा खतरा, हर चौक व चौराहे पर कचरे के पहाड़

# शहर में बढ़ते कचरे के ढेर से लोगों का जीना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आमजन पर भारी पड़ने लगी है। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य सड़कों, बाजारों और कॉलोनियों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में बिगड़ते हालात को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब पूरे शहर में साफ दिखाई देने लगा है। सड़कों पर फैली गंदगी के कारण वातावरण दूषित हो रहा है और बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और शासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करनी चाहिए ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावित रहने से आम लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। गंदगी के कारण मच्छरों और बदबू की समस्या बढ़ रही है, जिससे डेंगू, वायरल, उल्टी व दस्त और अन्य संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढने लगी है। गोयल ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी मांगों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि कर्मचारियों के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत कर उनकी जायज मांगों का समाधान निकाला जाए ताकि हड़ताल समाप्त हो सके और शहर की सफाई व्यवस्था दोबारा सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि शहर की जनता भी इस स्थिति से परेशान है और लोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द सफाई कार्य शुरू हो।



जींद। शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर।

### नपा कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान पहुंचे जींद

नगर पालिका कर्मचारियों की पिछले 10 दिनों से चल रही हड़ताल के समर्थन में रविवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री धरना स्थल पर पहुँचे। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़कर सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को तुरंत माने और वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का काम करे। जींद शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर से उठ रही बदबू केवल शहर की समस्या नहीं है बल्कि यह सफाई कर्मचारियों के जीवन की पीड़ा और संघर्ष की सड़ांध है। जिसे सरकार को समझना चाहिए। बिजेंद्र, जितेंद्र, जिला प्रधान संजीव, ब्लॉक प्रधान मनदीप नेहरा ने मांग की कि आठ फरवरी 2023 के पत्र को लागू किया जाए। सभी सफाई एवं सीवर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की जाए। दैनिक वेतनभोगी, पालिका रोल, हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित अन्य कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। 60 प्रतिशत डीए एवं सभी भत्तों सहित समान काम समान वेतन लागू किया जाए। ठेका प्रथा समाप्त कर ठेके में लगे कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लिया जाए। न्यूनतम वेतन 30 हजार प्रतिमाह किया जाए। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाए।

### सफाई कर्मियों ने बजाई थाली व उठाए झाड़ू



**कैथल।** नगर परिषद कैथल के सफाई कर्मचारियों ने रविवार को कर तहसील रोड भगतसिंह चौक रेलवे रोड से होते हुऐ भाजपा जिला प्रधान ज्योति सैनी और नगर परिषद चैयरमैन के आवास तक जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में उन्हें अपनी मांगों को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। प्रदर्शन मे आए कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हयियाणा के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस ब्लॉक प्रधान सुरेन्द्र कुमार पहलवान, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार मजदूर- कर्मचारियों की मांगो को पूरा करने की बजाय लाठिया बरसा रही है ओर इनके नेताओ के घरो पर रात्रिकालिन मे बंदिश लगाकर इनकी आवाज को दबना चाहती है। यह किसी भी सूरत मे बर्दाश्त नही किया जाएगा। ऐसी सूरत में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकार जानबूझकर नपा कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है जो सही नहीं है।

## खबर संक्षेप

### किशोर कुमार को समर्पित मेरी आवाज सुनो 17 को

**जींद।** जेसीआई एल्यूमनी क्लब जींद जोन की ओर से जींद में पहली बार गायक किशोर कुमार की याद में श्रद्धांजलि के तौर पर मेरी आवाज सुनो संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम जींद के एक निजी होटल उत्सव में 17 मई की शाम को छह बजे से नौ बजे तक चलेगा। चेयरमैन प्रमोद गर्ग, जोन चेयरमैन प्रदीप शर्मा, जोन वाइस चेयरमैन जितेन्द्र पाल, सचिव मुकेश सिंगला, कोषाध्यक्ष चंद्रभान बंसल के प्रयासों से मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम को भव्य व यादगार बनाने के तमाम प्रयास पिछले एक महीने से किए जा रहे हैं। संस्था के प्रवक्ता अशोक खरब ने बताया कि इस कार्यक्रम में बहुत से प्रतिष्ठित गायक अपनी अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे।

### श्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर कार्यक्रम आज

**जींद।** श्री सोमनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 मई सोमवार को जिला में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयंती देवी मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसमें हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम तथा उचाना के विधायक देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां जा रही हैं।

### गोदाम से 45 कट्टे गेहूं चोरी अज्ञात पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव दबलैन राइस मिल गोदाम से 45 गेहूं के कट्टे गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेला मंडी नरवाना निवासी आढ़ती कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव दबलैन में राइस मिल है। जिसके गोदाम में गेहूं का स्टॉक लगाया गया है। जब गेहूं के स्टॉक को संभाला गया तो 45 कट्टे गेहूं के गायब मिले। उन्हें गोदाम में सीसी टीवी कैमरों की फूटेज को खंगाला तो तीन मई मध्य रात्री के बाद चोर गेहूं के कट्टे ले जाते दिखाई दिए। सदर थाना नरवाना पुलिस आढ़ती की कृष्ण की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया।

### पीएम जीवन ज्योति तथा पीएम सुरक्षा योजना कारगर साबित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है।

### बृजेंद्र सिंह की राहुल गांधी ने की जमकर तारीफः सिंह

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता सज्जन सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह द्वारा प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए निकाली जा रही सदभाव यात्रा का अंतिम चरण चल रहा है। अब तक 85 हलकों में पहुंची यात्रा का लोगों को जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। 8 मई को गुरूग्राम में यात्रा के अंतिम चरण में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ पहुंची। गुरूग्राम की सड़कों पर इतनी भीड़ थी कि वहां पांव रखने तक को जगह नहीं थी। इस यात्रा से प्रदेश में आने वाले समय में बड़ा बदलाव होता नजर आएगा। इस यात्रा की तारीफ राहुल गांधी ने खुले मंच से करते हुए बृजेंद्र सिंह एवं उसके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले साथियों की भी तारीफ की।

---

### महापंचायत में पहुंचे विधायक इंदुराज, विधानसभा सत्र में उठाई जाएगी आवाज

# बायो गैस प्लांट के विरोध का मामला संसद व प्रदेश की विधानसभा में गूंजेगा

**महापंचायत में किसान संगठनों, खापों, पार्षदों, सरपंचों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के गोहाना रोड पर रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट के विरोध का मसला संसद व हरियाणा प्रदेश की विधानसभा में गूंजेगा। कांग्रेस के सांसद और विधायक, लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा सत्र में इस मसले को उठाएंगे। बायो गैस प्लांट के विरोध में रविवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस की ओर से सांसद दीपेंद्र हुड्डा के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे बरौदा विधायक इंदुराज नरवाल सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, आप नेता, किसान संगठनों, खापों, पार्षदों, सरपंचों ने शिरकत की। विधायक इंदुराज सिंह नरवाल ने कहा कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा को इस महापंचायत में आना था। किंतु दिल्ली में अचानक विशेष मीटिंग तय होने के कारण उन्होंने मुझे अपने प्रतिनिधि के तौर पर यहां भेजा है कि बायो गैस प्लांट के रूप में बनाये गये मौत के चेंबर को रिहायशी क्षेत्र से उठवाने का काम करेंगे। कांग्रेस के सांसद जहां इस मसले पर लोकसभा में गूंजेंगे वहीं आने वाले विधानसभा सत्र में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आवाज बुलंद कर सरकार को मजबूर कर देंगे की वे इस प्लांट को यहां से हटाने का कार्य करें। कांग्रेस विधायक ने कहा कि लोगों को अपनी और अपने बच्चों, बुजुर्गों की जिंदगी की सुरक्षा करने का अधिकार है। यह अधिकार संविधान ने दिया हुआ है। ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान पंडित सियाराम शास्त्री और माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस महापंचायत में खाप नेता, भाकियू नेता, सामाजिक संगठनों से जुड़े नेता, पार्षद और अनेकों सरपंच शामिल हुए। महापंचायत को समर्थन देने के लिए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सरपंच रिषिपाल हैबतपुर, सोनीपत सांसद प्रतिनिधि वजीर गांगोली, आम आदमी पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष डा. रजनीश जैन, व्यापार मंडल के जिला प्रधान राजू लखीना, बीज एवं कीटनाशक एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं समाज सेवी पवन गर्ग, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार गोयल, पार्षद सतीश हरियाणवी ईशाक भट्टी सहित अनेक लोग शामिल हुए।




जींद। महापंचायत में भाग लेते हुए कांग्रेस, खाप, पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

#### बायो गैस प्लांट लोगों की हेल्थ पर डाका : गांगोली

सफीदों के पूर्व विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि बायो गैस प्लांट का रिहायशी क्षेत्र में लगाना बेहद खतरनाक है। यह सीधे तौर पर लोगों की हेल्थ पर डाका है। सरकार को इसे तुरंत हटवा देना चाहिए। यदि भाजपा सरकार ने अपने पूंजीपति मित्र के लिए लोगों की जान को जोखिम में डाला तो इसके विरोध में पूरी कांग्रेस सड़कों पर खड़ी मिलेगी।

#### यह लिया गया निर्णय

महापंचायत में लिये गये निर्णय के बारे में बताते हुए पार्षद प्रतिनिधि बलबीर सिंह श्योराण ने कहा कि इस मसले में जल्द ही 101 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी तमाम समाज सेवी संगठनों को जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ-साथ गली-गली पहुंचकर जन समर्थन जुटायेगी।

#### प्लांट के तौर पर विनाश दुत नहीं होगा स्वीकार्यः रिषिपाल

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लगाना कतई भी स्वीकार नहीं है। जब कई कॉलोनियों और कई गांव के लोग विरोध जता रहे है तो सरकार को तुरंत उनकी सुनते हुए बायो गैस प्लांट को यहां से हटवा देना चाहिए। भाजपा सरकार ने बायो गैस प्लांट के तौर पर विनाशदुत यहां खड़ा कर दिया है। सरकार जींद में विकास नहीं विनाश लाने की तैयारी कर रही है। किंतु कांग्रेस कार्यकर्ता इसका हर तरीके से विरोध करेंगे। वहीं सोनीपत सांसद प्रतिनिधि के तौर पर महापंचायत में पहुंचे वजीर गांगोली ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में क्या बनाया जा रहा है। इस बात से सरकार और उनके मंत्री तथा विधायक अच्छी तरह वाकिफ थे। यदि सत्तासीन नेताओं को जनता के हितो की चिंता होती तो वे रिहायशी क्षेत्र में कतई भी बायो गैस प्लांट लगाते। प्रमुख समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता पवन गर्ग ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में जहा शिक्षण संस्थान खुल सकते थे वहां भाजपा सरकार लोगों को बीमारी देने वाले प्लांट लगवा रही है। यह बायो गैस प्लांट पूरे जींद जिले के लिए मौत का सामान साबित हो सकता है। गर्ग ने कहा कि लोग जब इस प्लांट का विरोध कर रहे है तो सरकार उनकी सुनवाई क्यों नहीं कर रही। रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लगाना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि शासन व प्रशासन लोगों की शांति के तरीके को कमजोरी ना समझे। यदि जल्द ही इस बायो गैस प्लांट को रिहायशी क्षेत्र से नहीं हटवाया गया तो फिर जींद के लोग बायो गैस प्लांट के मुख्य गेट पर तालाबंदी करने का काम करेंगे। इसके लिए यदि रोड़ जाम करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। आप पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष डा. रजनीश जैन ने कहा कि वह पेशे से डॉक्टर होने के नाते इस बात को जानती है कि इस बायो गैस प्लांट से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी को इन्फैक्शन होगा, किसी को दमा और खासी तो किसी को अन्य बीमारी। इसलिए सरकार तुरंत ही इस बायो गैस प्लांट को यहा से हटवाने का काम करें।

---

## धर्म की पालना से मनुष्य उन्नति कर सकता है : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आर्य जगत के वेदज्ञ विद्वान एवं वक्ता आचार्य वरुण देव ने कहा कि धर्म का पालन करने से ही मनुष्य उन्नति कर सकता है और सच्चा सुख व पुण्य प्राप्त कर सकता है। इसलिए धर्म का पालन करना आवश्यक है। आचार्य वरूण देव आर्य समाज राम नगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के अंतिम दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने धर्म के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि हमें धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझकर स्वयं को धार्मिक बनाना चाहिए। धर्म का पालन नहीं करने से मनुष्य दिन-प्रतिदिन पतित होता जाता है। उसका जीवन दुखों से घिर जाता है और वह अगले जन्मों में पशु या कीड़ें, मकोड़ों का जन्म पाता है। उन्होंने वेद को सर्वोच्च ग्रन्थ बताते हुए कहा कि वेद ही हमारा धर्म ग्रंथ है।



जींद। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रवचन सुनते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुना। बिजली, पीने के पानी, सीवरेज जाम सहित जो-जो समस्याएं उनके सामने आई उसको लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी निरंतर प्रदेश हित में नायाब फैसले ले रहे है। जो प्रदेश में निकाय के चुनाव हुए है उसमें भाजपा की जीत होगी। मतदाता इस बात को जा चुका है कि विकास कोई करवा सकता है तो वो भाजपा ही करवा सकती है। ड्रिपल इंजन सरकार बनाने का मन शहरी मतदाता बना चुके है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस का हाल सबके सामने है। जहां-जहां चुनाव हुए है कांग्रेस की स्थिति वहां क्या रही है ये सबके सामने है। मतदाता इस बात को जान चुका है कि सशक्त भारत का सपना कोई पूरा कर सकता है तो वो पीएम नरेंद्र मोदी कर सकते है। पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत मतदाताओं ने भाजपा को दिया। अब जब पंजाब के चुनाव होंगे तो वहां प्रचंड बहुमत से भाजपा सत्तासीन होगी।



उचाना। समस्याओं को सुनते हुए विधायक अत्री।

## जरूरतमंदों बच्चों को बांटी स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड 13 में जरूरतमंदों बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि माता ही हमारी पहली गुरू होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ी ताकत है जो बच्चों के जीवन को नई दिशा देने का कार्य करती है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आना चाहिए ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे। जुलाना के वार्ड 13 में सुखदेई अपना घर फाउंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क शिक्षण केंद्र चलाया जा रहा है। जिसमें उन बच्चों को शिक्षा दी जा रही है जो किसी कारणवश स्कूल छोड़ चुके थे और अब दोबारा शिक्षा से जुड़ रहे हैं। इस मौके पर जुलाना नगरपालिका के कार्यकारी चेयरमैन पवन सैनी, पार्षद सोहन, नरेश जांगड़ा, रामगढ़ के सरपंच सुंदर पंवार तथा बिट्टू पहलवान, कार्यक्रम में फाउंडेशन की सदस्य दीप्ति वत्स, सुदेश देवी एवं रितु मलिक सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



जुलाना। बच्चों को स्टेशनरी बांटते फाउंडेशन के सदस्य।

## सभी किसान टीकाकरण अभियान में हिस्सा लें: जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



- पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका एवं गलघोटू रोग से बचाव के लिए अभियान आज से शुरू
- एक माह तक चलेगा यह अभियान

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका एवं गलघोटू रोग से बचाव के लिए आरंभ होने वाला संयुक्त टीकाकरण अभियान किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। सभी किसान संयुक्त टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उपरोक्त वक्तव्य देते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि पशुधन केवल किसानों की आय का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है। यदि पशु स्वस्थ रहेंगे तो दुग्ध उत्पादन, पशुपालन आधारित आय एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सांसद नवीन जिन्दल द्वारा दिशा बैठक में उठाए गए इस महत्वपूर्ण विषय के तहत, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिला कैथल में आज से खुरपका-मुंहपका एवं गलघोटू रोग के विरुद्ध विशेष संयुक्त टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस व्यापक अभियान के अंतर्गत जिले के सभी गांवों, ढाणियों एवं पशुपालन क्षेत्रों में पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के पशुधन को संक्रामक एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखते हुए पशुपालकों को आर्थिक हानि से बचाना तथा स्वस्थ एवं उत्पादक पशुधन को बढ़ावा देना है।

दिशा मीटिंग में सांसद नवीन जिन्दल ने पशुधन सुरक्षा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए इस अभियान को प्राथमिकता देने की बात कही थी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिलेभर में व्यापक स्तर पर संयुक्त टीकाकरण अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। सांसद नवीन जिन्दल ने अपनी टीम को भी निर्देश दिए हैं कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से इस अभियान में सक्रिय सहयोग एवं भागीदारी कर अधिक से अधिक पशुपालकों तक जागरूकता पहुंचाए।

### सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पोर्टल पर 30 सितंबर तक कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया, वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान, नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो।

### जुलाना प्रीमियर लीग में करेला को आठ रन से हराकर करसोला बना विजेता

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना खुर्द गांव में आयोजित जुलाना प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जिसमें करसोला की टीम ने करेला को आठ रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। शानदार प्रदर्शन करते हुए करसोला और करेला की टीमें फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबले में करेला की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए करसोला के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को तेज शुरुआत दिलाईए लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए और पूरी टीम 151 रन बना कर ऑलआउट हो गई। 152 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी करेला की टीम पर करसोला के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। लगातार विकेट गिरने से करेला की टीम 80 रन पर 9 विकेट गंवा चुकी थीए लेकिन अंतिम विकेट के बल्लेबाजों ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले को अंतिम ओवर तक पहुंचा दिया। हालांकि अंत में करेला की टीम आठ रन से मुकाबला हार गई। प्रतियोगिता में योगी लाठर को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और शौकी को बेस्ट बॉलर चुना गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी सुभाष ढिगाना ने कहा कि युवाओं को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है। खेलों से गांव और क्षेत्र का नाम रोशन होता है। इस मौके पर आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल, रोहित अहलावत, दीपक अहलावत, दिनेश कौशिक, बिरेंद्र लाठर आदि मौजूद रहे।



### जयबीर लोहान बने नौगामा खाप के प्रधान

**जींद।** नौगामा खाप चबूतरा रामराय जींद पर आयोजित सर्वजातीय खाप पंचायत ने 36 बिरादरी की सहमति से और सर्वसम्मति से जयबीर लोहान राजपुरा भैंण को नौगामा खाप का प्रधान चुना है। खाप परंपरा को बरकरार रखते हुए जो प्रधान का चुनाव हुआ है, उसके लिए 36 बिरादरी का भाईचारा और पुरी खाप बधाई के पात्र हैं। नौगामा खाप की पंचायत शुरू होने से पहले खाप पंचायत का कोरम पूरा किया गया और वर्तमान प्रधान श्री सुरेश बहबलपुर की अध्यक्षता में पंचायत शुरू हुई। सभी वर्गों के प्रवक्ताओ ने इस विषय में अपने विचार रखे और फिर जयबीर लोहान के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसको सभी ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। उसके बाद वर्तमान प्रधान चौधरी सुरेश, ढुल खाप प्रधान चौधरी हरपाल ढुल, सुरजमल, धर्मपाल घिमाणा, मोहन शर्मा, गंगा प्रसाद, राजसिंह मास्टर आदि गणमान्य व्यक्तियों ने जयबीर लोहान को खाप प्रधान की पगड़ी पहनाई।



जींद। जयबीर लोहान राजपुरा भैंण को नौगामा खाप का प्रधान चुनने पर पगड़ी पहनाते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में किसानों के साथ मौजूद कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मिट्टी की जांच सबसे बड़ी आवश्यकता : डा. धीरज

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसका संचालन जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल ने किया। डा. धीरज पंघाल ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग के कारण मिट्टी की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि किसान अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। जबकि फॉस्फोरस,पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। इससे मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ जाता है। जिसके कारण भूमि की उत्पादक क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी की जांच करवाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### मंडियों में छह लाख 59 हजार 882 मीट्रिक टन का हुआ उठान

# आठ लाख 32 हजार 729 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। गत दिवस तक जिले में कुल आठ लाख 32 हजार 729 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। वहीं खरीदे गए गेहूं में से छह लाख 59 हजार 882 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि कुल खरीद में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दो लाख 39 हजार 145 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 43 हजार 116 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 11 हजार 971 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा दो लाख 37 हजार 897 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि मंडी वार खरीद के अनुसार उचाना मंडी में 89 हजार 130 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा मंडी में 71 हजार 718 मीट्रिक टन, जींद मंडी में 93 हजार 180 मीट्रिक टन, अलेवा मंडी में 35 हजार 297 मीट्रिक टन, सफीदों मंडी में एक लाख 450 मीट्रिक टनए जुलाना मंडी में एक लाख एक हजार 622 मीट्रिक टन तथा नरवाना मंडी में 85 हजार 532 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

### चार दिनों में हुआ 3.84 लाख गेहूं के बैगों का उठान : गर्ग



प्रवीण गर्ग

**उचाना।** मार्केट कमेटी वाइस चेयरमेन प्रवीण गर्ग ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में गेहूं के सीजन में किसी तरह की परेशानी आढ़ती, किसानों को नहीं होने दी गई। गेहूं के उठान को लेकर निरंतर रिपोर्ट ले अधिकारियों को उठान की रफ्तार के निर्देश विधायक द्वारा देने का असर दिखाई दे रहा है। चार दिनों में 3.84 लाख गेहूं के बैगों का उठान हुआ। ये विधायक की सख्ती का असर है कि एक दिन में 90 हजार से अधिक बैगों का उठान हो रहा है। उचाना मंडी में 70 प्रतिशत से अधिक गेहूं का उठान हो चुका है। अब तक 76 प्रतिशत से अधिक गेहूं का उठान हो चुका है। 978166 क्विंटल गेहूं का उठान उचाना मंडी, छात्तर सब यार्ड, परचेज सेंटरों पर हो चुका है। विपक्ष के सभी मुद्दे फ्लाप हुए। कभी विपक्ष उठान तो कभी नए नियमों को मुद्दा बनाने की कोशिश में रहा लेकिन किसी मुद्दे में वो कामयाब नहीं हुए।

## खबर संक्षेप

### सड़कों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**कैथल।** प्रदेश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने और आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए हरियाणा सरकार ने तकनीक को अपनाया है। डीसी अपराजिता ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'म्हारी सड़क' एप की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक खराब सड़कों की शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है।

### आभूषण व नकदी चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** थाना सीवन पुलिस द्वारा घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीवन निवासी साहिल की शिकायत अनुसार 8 मई को दोपहर करीब 2 बजे उसके परिवार के सभी सदस्य काम पर गए हुए थे। जब वह वापस घर पहुंचा और दरवाजा खोलने लगा तो उसने दरवाजे के बीच से देखा कि एक युवक उसके घर के अंदर मौजूद था। उसकी आवाज सुनते ही आरोपी दीवार फांदकर पड़ोसियों की छतों के रास्ते मौके से फरार हो गया।

### भाविप ने मजदूर परिवारों को बांटे फल

**सीवन।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन द्वारा गांव मलिकपुर स्थित ईंट-भट्ठे पर कार्य कर रहे मजदूरों एवं उनके परिवारों को फल और शीतल पेय वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश राणा ने की। इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश राणा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना समाज का दायित्व है। मजदूर वर्ग कठिन परिश्रम कर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना होनी चाहिए।

### पाई से पिलनी जाने वाली सड़क टूटने से परेशानी

**पाई।** उखाड़ कर जिला प्रशासन बनाना भूल गया है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इस सड़क को जल्द से जल्द बनाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पाई से पिलनी जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी। लोगों की मांग पर इसको नये सिरे से बनाने का निर्णय लिया और साथ ही इसको 12 फूट से 18 फूट तक चौड़ा करने का निर्णय लिया। काफी समय पूर्व इसे चौड़ा कर नई बनाने के लिए उखाड़ा गया था।

### मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है सहायताः डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीसी अपराजिता ने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए।

---

चुनाव में कुल 20 मतदाता थे, जिनमें से 18 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया


# दी कैथल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक जोन पूंडरी के चुनाव में रेणु विजयी

■ किसानों की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी में दी कैथल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जोन पूंडरी का चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 20 मतदाता थे, जिनमें से 18 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थीं, जिनमें रेणु पत्नी सतीश कुमार गोलन एवं पुष्पा पत्नी नूतन पाल पाई के बीच सीधा मुकाबला रहा।

मतगणना के बाद रेणु देवी ने अपने प्रतिद्वंद्वी पुष्पा देवी को 12 मत प्राप्त कर 6 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशी को बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में चुनाव अधिकारी उमेद सिंह चोपड़ा इंस्पेक्टर तथा पोलिंग अधिकारियों रमेश कुमार एवं शक्ति सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर शहर एवं आसपास के गांवों से अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। नवनिर्वाचित प्रधान रेणु देवी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना रहेगा। कोऑपरेटिव बैंक किसानों की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम है और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा सहकारी बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्र के किसानों एवं छोटे व्यापारियों के लिए बेहद उपयोगी संस्था है, जो कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने के साथ-साथ बचत एवं आर्थिक सहायता की विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। डी कैथल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लंबे समय से किसानों को कृषि कार्यों, पशुपालन एवं अन्य जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।



पूंडरी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर सतीश गोलन, पाला राम सैनी, अशोक कुमार शर्मा कोल, सुरेंद्र कुमार, ईश्वर ठेकेदार, सुशील कुमार, मुनीश कुमार शर्मा सांगरौली, राज कुमार ढुल्याणी, जितेंदर कादयान, चाँद सैनी, संजय गोलन, सोनू सांगरौली, समाज सेवी फतेह सिंह चोपड़ा व अन्य मौजूद रहे।

### कुलदीप राणा सर्वसम्मति से डायरेक्टर चुने गए

**राजौंद।** दि कोऑपरेटिव बैंक कैथल के जॉन नंबर-3 का चुनाव राजौंद पैक्स में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में कुलदीप राणा को सर्वसम्मति से डायरेक्टर चुना गया। जानकारी के अनुसार, जॉन-3 में कुल पांच मतदाता थे और उतने ही उम्मीदवार मैदान में थे। प्रारंभिक प्रक्रिया के तहत चुनाव की औपचारिकताएं पूरी की गईं, लेकिन बाद में सभी उम्मीदवारों के बीच आपसी सहमति बन गई। इसके बाद कुलदीप राणा के नाम पर सर्वसम्मति बनी और उन्हें डायरेक्टर घोषित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी सुभाष ऑडिटर ने औपचारिक घोषणा करते हुए कुलदीप राणा को सर्वसम्मति से डायरेक्टर चुने जाने की पुष्टि की। इस अवसर पर अन्य उम्मीदवारों में रामेश्वर गिल, शमशेर सिंह, सतबीर सिंह (एडवोकेट) और कुलदीप पूनिया शामिल रहे, जिन्होंने सहमति बनाते हुए चुनाव को निर्विरोध संपन्न कराने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिनमें सुनील कुंडू, प्रेम प्रधान, धर्मवीर (जाखौली), महावीर नरड, बलविंदर राणा, मुकेश राणा, कंवरपाल राणा, काका राणा, पप्पू राणा, रामफल (कोटड़ा), राजपाल, तेजपाल फौजी शामिल रहे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कुलदीप राणा को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनिर्वाचित कुलदीप राणा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उन्हें समय पर ऋण व अन्य बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



राजौंद। पैक्स में कोऑपरेटिव बैंक जॉन-3 के चुनाव के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सर्वसम्मति से चुने गए डायरेक्टर कुलदीप राणा।



पूंडरी। बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## ईश्वर सिंह कन्या शिक्षा समिति रजि फतेहपुर पूंडरी की आम सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय के सेमिनार हाल में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या शिक्षा समिति रजि फतेहपुर पूंडरी की आम सभा की बैठक चौधरी तेजवीर सिंह पूर्व विधायक पुंडरी, एवं समिति प्रधान की अध्यक्षता में हुई। सबसे पहले समिति प्रधान ओर समिति सदस्यों ने चौधरी ईश्वर सिंह जी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मूर्ति पर माल्यार्पण किया ओर सभी ने चौधरी ईश्वर सिंह अमर रहे के नारे लगाए।

बैठक में सभा के सभी गांवों से आजीवन सदस्य पहुंचे हुए थे।इस अवसर पर चौधरी तेजवीर सिंह ने सदन में उपस्थित सभी सदस्यों को समिति तथा समिति के अंतर्गत चलने वाले दोनों कालेज चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पूंडरी एवं चौधरी ईश्वर सिंह महिला शिक्षण महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति, गतिविधियों तथा आगामी योजना के बारे सदन में विस्तार से अवगत कराया जिसमें मुख्य रूप से कालेजों के विकास, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा पढ़ाई की गतिविधियों के बारे बताया जिसमें हमारे बच्चे विश्वविद्यालय स्तर पर ओर स्टेट लेवल स्तर पर प्राप्त की गई उनकी उपलब्धियों के बारे बताया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समिति के उप प्रधान हरेंद्र कोटिया, राजीव सिंगला कोषाध्यक्ष, चमेल सिंह बरसाना, बलबीर सिंह टयोठा, बलवान सिंह, अजमेर सिंह, कप्तान गोरा, ईश्वर सिंह कौल, सुशील नबरदार कौल, मनोज कुमार जाम्बा पूर्व सरपंच, आत्माराम पाबला पूर्व सरपंच, जगदीश कवात्रा,जोगिंदर गोलन,महाबीर अग्रवाल सुनिल मितल,रघबीर सिंह मोहना, सतपाल खेड़ी मटरवा, राजकुमार पबनावा, सतबीर सिंह रसीना, मलखान सिंह रसीना, विकास डाबर आंहू, शिवकुमार डाबर, सतबीर सिंह नंबरदार मुंदडी, बलबीर सिंह बुच्ची, रामपाल राणा टयोठा,पाला राम सांच,भाग सिंह गढी रोडान, राजपाल बसतली, कुलविंद्र बरसाना,नीरज गोलन,बलजीत गोलन, सतपाल उर्फ रिकू कौल टेक चंद धेरडु एवं सैकड़ों समिति सदस्य उपस्थित रहे।

---

## लक्समबर्ग में दो युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख ठगे

### दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विदेश भेजने का सपना दिखा शहर निवासी दो युवकों से 6 लाख रुपए की ठगी कर ली। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें लक्समबर्ग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने किश्तों में रकम वसूली, पासपोर्ट और दस्तावेज अपने पास रख लिए। बाद में काम नहीं होने पर पैसे मांगने पहुंचे युवकों को जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के आधार पर थाना शहर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ काम नहीं होने पर पैसे मांगने पहुंचे युवकों को जान से मारने की धमकी दी गई

पुलिस को दी शिकायत में डोगरा गेट निवासी शरणदीप सिंह और निर्मल सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उनकी पहचान गांव सिल्लाखेड़ा निवासी गुरविंद्र सिंह से हुई थी। आरोपी ने दावा किया कि वह दोनों को लक्समबर्ग भेजकर अच्छी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए प्रति व्यक्ति ढाई-ढाई लाख रुपए और टिकट का खर्च अलग से मांगा। आरोपी के कहने पर उन्होंने अगस्त 2025 में अपने असली पासपोर्ट और शैक्षणिक दस्तावेज सौंप दिए। इसके बाद ऑफर लेटर, कॉन्ट्रैक्ट, टिकट, वीजा, एंबेसी खर्च, डॉलर और एफिडेविट के नाम पर अलग-अलग तारीखों में लगातार रकम ली जाती रही। आरोपी ने दोनों से किश्तों में लाखों रुपए गूगल पे और नकद के जरिए ले लिए। दिसंबर 2025 में दोनों को मोहाली बुलाया गया, जहां विदेश जाने के लिए जरूरी एफिडेविट बनवाने के नाम पर भी पैसे लिए गए। आरोपी का पिता हरजिंद्र सिंह भी उस समय मौजूद था और उसने भी काम जल्दी होने का भरोसा दिलाया।

### विवाहिता ने दहेज मांगने व मारपीट कर घर से निकालने के लगाए आरोप

**कैथल।** कैथल सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने, मारपीट करने और घर से निकालने के आरोप लगाए हैं। महिला थाना की जांच के बाद कैथल सदर थाना पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 13 मार्च 2022 को दीपक के साथ हुई थी। शादी के करीब पांच-छह महीने बाद ससुराल वालों ने उसके पति को बिना बताए विदेश भेज दिया और उसे यह कहकर मायके भेज दिया कि दीपक उससे परेशान होकर चला गया है। आरोप है कि जब भी पिता उसे ससुराल छोड़ने जाते, उसे यह कहकर वापस भेज दिया जाता कि पति ही नहीं है तो यहां क्या करेगी।

## भाजपा का हरियाणा में 'सुशासन' व 'विकास' का खोखला व क्रूर चेहरा : रणदीप सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



■ आए दिन हो रही आमहत्याएं वास्तव में ये आत्महत्याएं नहीं, बल्कि संस्थागत हत्याएं हैं।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा आज निराशा, अवसाद और मौतों के खौफनाक दलदल में धंसता जा रहा है। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश में 3360 लोगों ने आत्महत्या कर ली। यानी हर दिन औसतन 9 हरियाणवी इस व्यवस्था से हारकर अपनी जान दे रहे हैं। यह महज आंकड़े नहीं हैं। ये 3360 परिवारों की दर्दनाक चीखें हैं, जो एक पूरी तरह फेल हो चुके, संवेदनहीन और नाकारा सिस्टम की गवाही दे रहे हैं।

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 'सुशासन', 'विकास' और 'हरियाणा की उड़ान' का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार ने युवाओं, छात्रों, किसानों और आम आदमी को बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असुरक्षा और मानसिक तनाव के गहरे अंधकार में धकेल दिया है। हरियाणा में आए दिन हो रही आमहत्याएं वास्तव में ये आत्महत्याएं नहीं, बल्कि संस्थागत हत्याएं हैं। एक ऐसी व्यवस्था की हत्याएँ, जो लोगों को अकेला छोड़ देती है, उनकी मदद नहीं करती और उन्हें मरने के लिए मजबूर कर देती है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि एनसीआरबी और जमीनी हकीकत के कुछ डरावने आंकड़े देखिए कि पूरे साल 2024 में 3360 आत्महत्याएँ — हर 24 घंटे में 9 परिवार बिखर गए। 678 लोगों ने महंगी स्वास्थ्य सेवाओं, लंबी बीमारी और सरकारी सिस्टम की बेरुखी के कारण जान दे दी। इलाज न मिलने और आर्थिक बोझ सहन न कर पाने के कारण ये मौतें हुईं।

---

### आरकेएसडी पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थियों ने किसमे कितना है दम ऑडिशन में दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** आरकेएसडी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पंजाबी चैनल द्वारा आयोजित मल्टी टैलेंट रियलिटी शो किसमे कितना है दम के ऑडिशन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 160 विद्यार्थियों ने भाग लेकर डांस, सिंगिंग, एक्टिंग, कविता पाठ, भाषण, मॉडलिंग सहित विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ मंच पर प्रस्तुति देकर दर्शकों एवं निर्णायकों को प्रभावित किया। इस प्रतियो गिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी कला एवं प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## निःशुल्क त्वचा एवं नेत्र जांच शिविर में उमड़ी भीड़, 193 ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

एक किरण उम्मीद की संस्था पुण्डरी एवं अग्रवाल रजिस्टर्ड सभा फतेहपुर पुंडरी के संयुक्त तत्वावधान में आज सेठझंडा मल धर्मशाला पुंडरी में निःशुल्क त्वचा एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में स्किनोवा वेलनेस क्लीनिक, कैथल की ओर से प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. निक्की पुनिया (एमबीबीएस), एमडी जीएमसी जम्मू) द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। वहीं पटियाला आई केयर अस्पताल, पुंडरी की ओर से डॉ. त्रिवेंद्र ने नेत्र जांच कर लोगों को आंखों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में पिंपल, एक्ने, पिगमेंटेशन, डार्क स्पॉट्स, डैंड्रफ, हेयर फॉल, फंगल इंफेक्शन, नाखूनों की समस्याएं, सफेद दाग, एग्जिमा एवं सोरायसिस जैसी बीमारियों की जांच और उपचार संबंधी सलाह दी गई। साथ ही पहले 50 मरीजों के लिए निशुल्क स्किन एनालिसिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान कुल 85 स्किन ओपीडी एवं 108 नेत्र ओपीडी दर्ज की गईं।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विकास सिंगला, मुनीश मित्तल, बलविंदर वालिया, वंदना मित्तल, राजकुमार वर्मा, वार्ड 2 एमसी प्रतिनिधि साहब सिंह, विनोद वालिया, वार्ड एमसी हिशाम सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं संस्था सदस्य उपस्थित रहे।



### रक्तदान से महका सेवा सद्भावना दिवस

**कैथल।** गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 'सेवा सद्भावना दिवस के दूसरे दिन अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित कर युवाओं ने समाज सेवा का अनूठा संकल्प दोहराया। यह शिविर कृष्ण कृपा सेवा समिति व जिओ गीता परिवार द्वारा पंजाबी वेलफेयर सभा और स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का विधिवत शुभारंभ पूज्य स्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुआ। शिविर की खास बात यह रही कि इसमें केवल युवाओं ने ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रत्येक रक्तदाता की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर और वजन की गहन जांच के बाद ही रक्तदान सुनिश्चित किया गया। कैलाश भगत, पूर्व चेयरमैन, हैफेड ने कहा कि कैथल अब 'सेवा नगरी' बन रहा है। पूज्य महाराज जी की प्रेरणा और संस्थाओं का अनुशासन अद्भुत है। जो समाज दूसरों के लिए रक्त दे सकता है, वह कभी पीछे नहीं रह सकता। सोनू वर्मा प्रधान, कृष्ण कृपा सेवा समिति ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं।

---

## भाविप ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

रजनी रॉयल गार्डन में भारत विकास परिषद द्वारा दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर हल्का विधायक सतपाल जाम्बा ने शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश गर्ग बाकल वाले मौजूद थे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष कपिल गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष व दायित्व प्रदाता अतुल गोयल, डा. अशोक गर्ग ने की। कार्यक्रम संयोजग पंकज बंसल व संदीप सिंगला रहे।मुख्यातिथि विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा, सहयोग, समर्पण व संस्कार है। समाज का उत्थान व पुराने संस्कारों को पुनर्जीवित करना परिषद सदस्यों का मुख्य दायित्व है। उन्होंने कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को आह्वान किया कि वे समाजसेवा से जुड़े कार्य करते रहे। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसका उपस्थित व्यक्तियों ने खूब आनंद उठाया।



पूंडरी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक सतपाल जाम्बा को सम्मानित करते हुए।

साहित्य सभा कैथल की मई मास की हुई काव्य-गोष्ठी

## मैं अपना हर गिला, हरेक शिकायत छोड़ देता हूं. . .

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

साहित्य सभा कैथल द्वारा आरकेएसडी कालेज के प्रांगण में मई मास की गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य सभा कैथल के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान ने की।गोष्ठी में भारतीय इतिहास संकलन समिति,हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष एवं इतिहासवेत्ता प्रोफ़ेसर बीबी भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में और हरियाणवी-हिंदी ग़ज़लकार सुरेंद्र कंवल हरियाणवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।गोष्ठी का संचालन हरियाणवी ग़ज़लकार रिसाल जांगड़ा ने किया।गोष्ठी के दौरान प्रथम स्वतंत्रता संग्राम-1857 ई० पर प्रोफ़ेसर बी.बी. भारद्वाज ने व्याख्यान दिया।उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा सहित पूरे उत्तर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। रवींद्रकुमार रवि ने आज के व्यक्ति के स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा : मैं अपना हर गिला,हरेक शिकायत छोड़ देता हूँ। मुझे हक मेरा मिल जाये,बगावत छोड़ देता हूं।



#### ये बोले कवि

**बीज की संघर्षशीलता गंगा राम यात्री के इन शब्दों में देखिये :** मैं बीज हूं, इसलिए उगना जानता हूं। चट्टानों के बीच से,निकलना जानता हूं। आज के मानव की संवेदनहीनता से द्रवित सूबे सिंह राविश ने कहा : बम फटा,मोर चीखा,पंछी उड़े,आसमान में।विडियो तुम बना रहे ,इत्मीनान से।

**मरने के बाद व्यक्ति को महिमामंडित करने की प्रवृत्ति पर रामफल बोलेः** रहई खाट पै भुक्खणभाणी। कहैं मरगी महलां की राणी। जीवै थी जब पागल कहैं थे, ईब बतावैं सब तै स्याणी।

**पति पर चुटकी लेते हुए डा. तेजिंद्र ने कहा :** पति की गिरफ़्त से,ऐसे छूटा सरताज। होर्मूज से जैसे, छूटा कोई जहाज़।

**मां की महिमा का गान करते हुए रजनीश शर्मा ने कहा :** मां सारी दुनिया से सुंदर। मां की यादें सबके अंदर। मां जैसा कोई नहीं है, मां तो है एक समन्दर।' खोल बैठी पुराने पन्नों को,मुझे याद तुम्हारी आई।-इस काव्य-गीत के माध्यम से अपने मायके को याद करते हुए पूजा शर्मा ने वातावरण को भावुक बना दिया।

**प्रकृति-प्रेम का चित्रण करते हुए सुरेश कुमार कल्याण ने कहाः** जर्रा-जर्रा इश्क में, नाच रहा है आज। खुलकर कलियां हंस रहीं,करतीं खुद पर नाज। प्रभु से कृपा की याचना करते हुए महेंद्र पाल सारस्वत ने कहा : देख लो दास को,कृपा की नज़र से।एहसान करो,एहसान करो,एहसान करो।

## मातृ दिवस पर ब्रह्मकुमारीज के आध्यात्मिक आयोजन में उमड़ीं माताएं-बहनें

# मां मात्र जन्मदात्री नहीं, जीवन की पहली गुरु भी: सुमन



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. जींद

मातृ दिवस के पावन अवसर पर ब्रह्मकुमारीज द्वारा विवेकानंद नगर स्थित सेवा केंद्र में भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और भावनात्मक वातावरण से सराबोर रहा। जिसमें बड़ी संख्या में माताओं, बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मातृत्व की महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सांसारिक मां के प्रति सम्मान प्रकट करना ही नही बल्कि परमात्मा द्वारा दिए जा रहे दिव्य मातृत्व और आध्यात्मिक स्नेह के संदेश को समाज तक पहुंचाना भी रहा। इस अवसर पर बीके सुमन, बीके बाला, बीके मीना एवं बीके कविता विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके सुमन दीदी ने कहा कि मां जीवन का प्रथम विद्यालय होती है। उसकी ममता, त्याग, सहनशीलता और संस्कार ही एक श्रेष्ठ समाज की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक मां अपने बच्चे का पालन व पोषण कर उसे जीवन जीने योग्य बनाती है, उसी प्रकार परमपिता परमात्मा इस संगमयुग में आत्माओं को आध्यात्मिक ज्ञान देकर उन्हें पवित्रए शक्तिशाली और श्रेष्ठ बना रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में परमात्मा का दिव्य स्नेह हर आत्मा को आंतरिक शांति, आत्मबल और सच्चे सुख की अनुभूति कराता है। जब मनुष्य अपने भीतर प्रेम, करुणा और सहनशीलता जैसे मातृत्व गुण विकसित करता है, तभी परिवार और समाज में वास्तविक सुख.शांति स्थापित होती है। कार्यक्रम के दौरान माताओं एवं बहनों ने मां की महिमा में सुंदर भजन और गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मिक जागृति, संस्कार निर्माण तथा परिवार में प्रेम, सहयोग और सामंजस्य बढ़ाने का संदेश दिया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में मातृत्व के दिव्य गुण प्रेम, दयाए त्याग और सहनशीलता को अपना कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।

## मां से बड़ा कुछ नहीं : देवेंद्र




जींद। मदर्स डे के पर परिवारों में बच्चों ने अपनी माताओं को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मदर्स डे के मौके पर सोशल मीडिया पर भी लोगों में उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपनी माताओं के साथ तस्वीरें साझा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और अपने जीवन में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विभिन्न स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने कविता, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कई स्थानों पर माताओं को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। लोगों ने माताओं के त्याग, संघर्ष और निस्वार्थ प्रेम को याद करते हुए उन्हें परिवार की सबसे मजबूत आधारशिला बताया। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि बच्चों की पहली गुरु भी होती है। मां अपने संस्कारों और मेहनत से परिवार और समाज को मजबूत बनाती है।

## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया मातृ दिवस



जींद। इंडस पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चौथी और पांचवीं के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाश श्योराण, इंडस ग्रुप के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस समारोह में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकगण भी विषेश रूप से आमंत्रित हुए। इंडस पब्लिक स्कूल जींद की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए हुए अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मातृदिवस पर समूह गीत, प्रेरक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ-साथ अभिभावकों की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। प्रेरक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इंडस ग्रुप के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी ने सभी माताओं को मातृ दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मातृ दिवस सिर्फ एक दिन नही बल्कि उस निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को सलाम करने का अवसर है, जो हर मां अपने बच्चों और परिवार के लिए करती है। जिसके बिना हर घर अधूरा है। वह हमारे जीवन की पहली शिक्षक और मार्गदर्शक है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने जीवन में मातृ दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि विश्व में सबसे बड़ा दर्जा मां का माना जाता है। मां के बिना सृष्टि की कल्पना करना भी नामुमकिन है। जिस घर में मां है, उस घर में प्रत्यक्ष रूप से ईश्वर का वास है। मां का साया बड़े-बड़े दुखों एवं कष्टों को भी दूर कर देता है।

## मां जीवन की पहली प्रेरणा : आरएम सांगवान



उचाना। प्लस पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ एवं प्लस पॉइंट पाठशाला उचाना मंडी में मदर्स डे बड़े उत्साह, प्रेम और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए भाषण, कविता, नृत्य, गीत, कार्ड निर्माण तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गतिविधियों ने सभी का दिल जीत लिया। मां के साथ सेल्फी कॉर्नर और विशेष फोटो फ्रेम आकर्षण का केंद्र रहे। सीएमडी आरएम सांगवान ने कहा मां जीवन की पहली प्रेरणा, प्रथम शिक्षक और सबसे बड़ा सहारा होती है। हमें उनके त्याग, प्रेम और मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहना चाहिए।

## मातृ दिवस पर निकाली आईटी यात्रा

जींद। मातृ दिवस के शुभ अवसर पर नालंदा वोकेशन एवं ट्रेनिंग सेंटर द्वारा एक विशेष आईटी यात्रा एवं डिजिटल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं, महिलाओं और बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान परिसर से हुई। जहां विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने जागरूकता रैली के रूप में आईटी यात्रा निकाली। विद्यार्थियों ने हाथों में पोस्टर, बैनर और स्लोगन लेकर लोगों को डिजिटल शिक्षा का संदेश दिया। यात्रा के दौरान शिक्षित मां, डिजिटल परिवार, हर घर कंप्यूटर शिक्षा अपनाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। संस्थान के चेयरमैन वीरेंद्र दहिया ने बताया कि आईटी यात्रा के दौरान लोगों को बताया गया कि आज के आधुनिक समय में कंप्यूटर और इंटरनेट का ज्ञान बेहद आवश्यक हो चुका है। च

### खबर संक्षेप

## मदर्स डे पर बच्चों ने जताया मां के प्रति प्रेम

पूंडरी। श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पूंडरी में रविवार को मदर्स डे बड़े हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति अटूट प्रेम, सम्मान और भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान कविता वाचन, रंग भरो प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, भाषण तथा अन्य सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के लिए रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए और उन पर अपनी भावनाओं को खूबसूरती से उकेरा।

## प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृत्व दिवस

जुलाना। मालवी गांव स्थित राधा कृष्ण किड्स प्ले स्कूल में मातृत्व दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की मुख्य शिक्षिका भारती जांगड़ा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की डायरेक्टर रेनू शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों की माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। बच्चों ने मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। स्कूल की डायरेक्टर रेनू शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां का हमारे जीवन में बड़ा योगदान होता है।

# राजकुमार एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधक समिति के बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव जीतने वाला पैनल।

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव रविवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें राजकुमार सिंगला प्रधान, ईश्वर दास गोयल सचिव व अनिल आशरी कोषाध्यक्ष चुने गए। इससे पहले राजीव गोयल को उपप्रधान व अंशुल जिंदल को सहायक सचिव पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया था। चुनाव सुबह नौ बजे से चार बजे तक हुआ। चुनाव अधिकारी राजेश कुमार गोयल ने बताया कि प्रधान पद के लिए राजकुमार सिंगला, श्रीचंद जैन, श्यामलाल एवं राकेश कुमार मैदान में थे। कुल वोट 820 थे। जिनमें से 515 मतदाताओं ने ही अपने मत का प्रयोग किया। इसमें राजकुमार सिंगला को 434 वोट मिले जबकि श्रीचंद जैन को 25, प्रेमचंद गोयल को 10, राकेश कुमार को 19, श्याम लाल को सात वोट मिले। इसमें 20 वोट रद्द हो गए। राजकुमार सिंगला को 409 वोटों से विजयी घोषित किया गया। सचिव पद के लिए ईश्वर दास गोयल को 443 वोट, अनिल कुमार को 30, अभिषेक गोयल को 21 वोट मिले। इसमें भी 21 वोट रद्द हो गए। ईश्वर दास गोयल 413 वोटों से विजयी घोषित किए गए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के लिए अनिल कुमार को 348 वोट मिले जबकि सुनील जिंदल को 163 वोट मिले। इसमें चार वोट रद्द हो गए। 185 वोट से अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया।

## महाराणा प्रताप जयंती पर भंडारे में उमड़ी भीड़

राजौंद। राजौंद में महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती को लेकर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और सामाजिक एकता से ओत-प्रोत नजर आया। आयोजकों द्वारा लोगों के लिए विशेष रूप से जलेबी और ब्रेड पकोड़े का वितरण किया गया। भंडारे में सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो दोपहर तक जारी रही। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी उत्साहपूर्वक भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन और उनके वीरता भरे इतिहास को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप देशभक्ति, स्वाभिमान और त्याग के प्रतीक हैं, जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।

# क्लास रेडिनेस प्रोग्राम से विद्यार्थियों में सीखने के साथ संस्कारों का भी विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद क्लास रेडिनेस कार्यक्रम में भाग लेते हुए माताएं। फोटो : हरिभूमि

मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित क्लास रेडिनेस प्रोग्राम न केवल बच्चों की शैक्षणिक दक्षता को बढ़ाने का कार्य कर रहा है, बल्कि उनमें नैतिक, चारित्रिक और सामाजिक मूल्यों का भी समावेश कर रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो किसी कारणवश सीखने की प्रक्रिया में पीछे रह गए थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे बच्चों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें और समाज में अपनी पहचान बना सकें। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि क्लास रेडिनेस प्रोग्राम का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नही बल्कि उन्हें जीवन के मूल्यों से भी परिचित कराना है। अध्यापक बच्चों को सामाजिक परिवेश की जानकारी देते हुए उनमें नैतिकता, अनुशासन, सहयोग और सहानुभूति जैसे गुणों का विकास कर रहे हैं। बच्चों को यह सिखाया जा रहा है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की कला भी सिखाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापक बच्चों की दक्षताओं की पहचान कर उन्हें सुधारने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। बच्चों को खेल-खेल में सीखने की विधि अपनाई जा रही है। साथ ही विशेष दिवसों जैसे स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, शिक्षक दिवस, बाल दिवस आदि पर विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।

# सुरक्षा के लिए फर्स्ट एड प्रशिक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



गुहला चीका। फर्स्ट एड रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस प्रशिक्षण देते हुए डॉक्टर सोभा रानी व सरबजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

आकस्मिक दुर्घटनाओं एवं प्राकृतिक आपदाओं में हो रहा इजाफा जीवन के लिए गंभीर खतरा है। जिसके लिए हर व्यक्ति को जीवन रक्षक उपायों की जानकारी होनी चाहिए। यह विचार नौच गांव के युवा एवं समाजसेवी सरपंच सोमी कश्यप ने फर्स्ट एड का महत्व बताते हुए कहे। कश्यप ने कहा कि सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाने में प्रयासरत है, इसी कड़ी में उप मंडल के गांव नौच में एक फर्स्ट एड एवं रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच सोमी कश्यप ने कहा कि दसवीं पास व 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा लड़के एवं लड़कियों के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है कि राज्य सरकार की जन कल्याण नीतियों के तहत गांव में ही तीन दिन का कैंप लग रहा है और इस से उनके धन और समय की बचत होगी। सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया जिला शाखा कैथल के जिला सचिव गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर राजा सिंह झींजर ने कहा कि सरपंच एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के विशेष सहयोग से तथा सरकार के नेशन पैरामाउंट मिशन के तहत यह कैंप ग्राम स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। कैंप के पहले दिन मास्टर ट्रेनर डॉ शोभा रानी व सरबजीत कौर ने कहा कि यह कैंप सुबह 9 बजे से 4 बजे तक बुधवार तक जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गांव के समाज सेवी नंबरदार मनफूल सिंह, ज्ञानचंद, पंच कुलदीप सिंह, पच बलराम, पंच सुभाष चंद्र, करनैल सिंह, रमेश कुमार सहित गांव के अन्य लोगों ने ग्रामीण स्तर पर फर्स्ट एड कैंप लगाने पर खुशी का इजहार किया।

# कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के सिल्वर जुबली समारोह में राजकुमार का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। राजकुमार भोला को सम्मानित करते हुए।

कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई)` 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नई दिल्ली स्थित राजेंद्र भवन में आयोजित सिल्वर जुबली समारोह अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में देशभर से आए प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर उपभोक्ता जागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा, जन जागरूकता एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीसीआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला को शाल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले विभागए भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि समारोह की अध्यक्षता सीसीआई के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनंत शर्मा ने की। कार्यक्रम में लगभग 180 प्रतिनिधियों, सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। सम्मान प्राप्त करने के बाद सीसीआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नही बल्कि हरियाणा की पूरी टीम एवं उन सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है, जो उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और जन जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

राजौंद। गांव सेरधा के पास पुंडरी मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के पिता ईश्वर ने बताया कि उनका बेटा अक्षय (20) अपने साथी रामफल (26) के साथ खाना खाने के बाद मोटरसाइकिल पर काम के लिए जा रहा था। जैसे ही वे पुंडरी मार्ग पर पहुंचे, सामने से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामफल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी टांग टूट गई। घायल को तुरंत कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही डीएसपी कैथल बीरभान पुलिस मौके पर पहुंचे और और लोगों को शांत कराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स के पांचवें बैच को बांटे प्रमाण प्रत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| .कैथल



कैथल। अतिथियों का स्वागत करते दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल के पदाधिकारी‹

दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल में संचालित निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें बैच का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शाखा कैथल के सचिव डॉ. नरेश गर्ग द्वारा किया गया। शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नारायण सेवा केंद्र समाज के जरूरतमंद एवं दिव्यांग बंधुओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने नारायण सेवा केंद्र कैथल द्वारा संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों में केंद्र द्वारा 250 दिव्यांग बंधुओं को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 5000 से अधिक फिजियोथैरेपी ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा 82 विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, 58 विद्यार्थियों को सिलाई प्रशिक्षण तथा 38 विद्यार्थियों को मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और नारायण सेवा केंद्र का उद्देश्य जरूरतमंद युवाओं को रोजगार योग्य बनाना है। मुख्य अतिथि लायन प्रवेश बंसल ने नारायण सेवा केंद्र की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल सेवा नहीं बल्कि लोगों के जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान लौटाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। विशेष अतिथि लायन एडवोकेट दलबीर सिंह ने कहा कि समाज सेवा तभी सार्थक होती है जब उससे किसी जरूरतमंद के जीवन में वास्तविक परिवर्तन आए। नारायण सेवा केंद्र द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित रूप से अनेक परिवारों के भविष्य को मजबूत बना रहे हैं।

विशेष अतिथि आनंद वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना समय की मांग है। नारायण सेवा केंद्र का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन का उदाहरण है।

### इनका रहा योगदान

इस कार्य के लिए अशोक मित्तल, शाखा कैथल सदस्य जयप्रकाश गर्ग , ज्ञान चंद भल्ला, शमशेर सिंह, जितेंद्र बंसल, प्रवीण जिंदल, मनोज गर्ग, पंकज शर्मा , अभिषेक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। तत्पश्चात शाखा कैथल द्वारा सभी अतिथियों की उपस्थिति में 3 जरूरतमंद दिव्यांग बंधुओं को व्हील चेयर और 2 जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र निशुल्क भेंट किय गए।